कोटद्वार, बुधवार
29 जनवरी 2025
वर्षः 46
अंकः 258 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन

● राष्ट्रीय खेल के मंच से देश–दुनिया को बताए उत्तराखंड के प्रयास ● शीतकालीन यात्रा की ब्रांडिंग कर सरकार के प्रयासों को दी गति



देहरादून(आरएनएस)। उत्तराखंड में मंगलवार को पीएम मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नेशनल गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी आयोजित की गई। नेशनल गेम्स ओपनिंग सेरेमनी में पीएम मोदी ने शिरकत की। पीएम मोदी नेशनल गेम्स ओपनिंग सेरेमनी के मंच तक गोल्फ कार्ट के जरिये नेशनल गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी में पहुंचे। इस दौरान सीएम धामी भी पीएम मोदी के साथ दिखे। मंच पर पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने नेशनल प्लेयर्स से मुलाकात की। इसमें जसपाल राणा, लक्ष्य सेन, मनीष रावत, सुभाष राणा और मनोज सरकार मंच पर मौजूद थे।

इसके बाद मंच पर पीएम मोदी का स्वागत हुआ। सीएम धामी ने पहाड़ी टोपी पहनाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। साथ ही पीएम मोदी को मोमेंटो भेंट किया गया। इस दौरान मंच पर उत्तराखंड राज्यपाल, मुख्यमंत्री धामी, खेल मंत्री रेखा आर्य, सांसद अजय टम्टा, भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मौजूद रहे।



एथलीट्स परेड की शुरुआत हुई। परेड में सर्विसेज समेत 35 राज्य और केंद्र शासित राज्यों के एथलीट शामिल हुए। मैदान में राष्ट्रीय खेलों की तेजस्विनी मशाल लाई गई। हल्द्वानी से पीएम मोदी ने इस दशक को उत्तराखंड का दशक बताया था। जिसके बाद से ही राज्य की धामी सरकार लगातार राज्य के विकास के लिए काम कर रही है। नेशनल गेम्स का आयोजन इसी कड़ी में किया जा रहा आयोजन हैं। उत्तराखंड में होने जा रहे नेशनल गेम्स अपने आप में ऐतिहासिक हैं। पहली बार ऐसा होगा जब नेशनल गेम्स के सभी खेल एक ही राज्य में आयोजित होंगे। पीएम मोदी का उत्तराखंड प्रेम किसी से छुपा नहीं है। यही कारण है कि पीएम मोदी नेशनल गेम्स का शुभांरभ करने उत्तराखंड पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उत्तराखंड के विकास को लेकर चर्चा की।

## देश के खिलाड़ी मुझे पीएम, यानी परम मित्र मानते हैं : मोदी

देहरादून। पीएम मोदी ने कहा कि देवभूमि आज दिव्य हो उठी है। बदीनाथ, केदारनाथ और मां गंगा आशीर्वाद लेकर खिलाड़ी खेल रहे हैं। युवा राज्य में देश के कोने–कोने से आए हजारों युवा अपना सामर्थ्य दिखाने वाले हैं। कई देशी पारंपरिक खेलों को इसमें शामिल किया गया। इस बार के नेशनल ग्रीन गेम हैं। कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र काशी से ढाई लाख युवाओं को हर साल खेलने का मौका मिला है। हम स्पोर्ट्स को भारत के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं।

आज स्पोर्ट्स को भारत के विकास से जोड़ा जा रहा है। देश तीसरी आर्थिक शक्ति बनने के लिए अग्रसर है। उसके पीछे स्पोर्ट्स इकनॉमी भी है। खिलाड़ी के पीछे एक बड़ी टीम होती है। भारत स्पोर्ट्स समान बनाने में आगे बढ़ रहा। मेरठ में हजारों फैक्ट्रियां हैं जहां स्पोर्ट्स समान बन रहा है।

देश के खिलाड़ी मुझे पीएम, यानी परम मित्र मानते हैं। आपका ये विश्वास ही मुझे ऊर्जा देता है।

## एक नजर

### खाई में गिरी कार, डॉक्टर दंपति व पुत्र घायल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मंगलवार को पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग पर द्वारीधार के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार सवार डाक्टर दंपति व उनका बेटा घायल हो गया। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने घायलों को उपचार के लिए स्वयं के वाहन से जिला अस्पताल भेजकर भर्त्ती कराया। मंगलवार को डा. गौरव पांडे अपनी पत्नी पूर्णिमा व छः वर्षीय बेटे अपूर्व पांडे के साथ कार से देहरादून को निकले थे। इसी दौरान पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग पर सर्किट हाउस से आगे द्वारीधार के समीप उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब 20 से 25 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान एक कार्यक्रम में जा रहे पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी ने स्वयं के वाहन से हादसे में घायल दंपति व बच्चे को जिला अस्पताल पहुंचाया। कोतवाली पौड़ी के एसएसआई वेद प्रकाश ने बताया कि हादसे में घायल डा. गौरव पांडे, उनकी पत्नी डा. पूर्णिमा जोशी व छः वर्षीय बालक अपूर्व पांडे पुत्र गौरव पांडे हाल निवासी अस्पताल मोहल्ला पौड़ी घायल हो गए हैं। वहीं जिला अस्पताल पौड़ी के पीएमएस डा. रमेश कुंवर ने बताया कि उपचार के बाद डा. गौरव व बेटे को छुट्टी दे दी गई है। जबकि डा. पूर्णिमा का उपचार चल रहा है।

### सरकारी स्कूलों की गृह परीक्षाएं 17 मार्च से, टाइम टेबल जारी

देहरादून। राज्य के सरकारी स्कूलों में सालाना गृह परीक्षाएं 17 मार्च से शुरू होंगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. एसबी जोशी ने सभी सीईओ को परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया। जल्द ही सभी स्कूलों को प्रश्नपत्र मुहैया कराए जाएंगे। एससीईआरटी प्रश्नपत्र तैयार कर रहा है। गृह परीक्षाएं 17 से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेंगी। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। डॉ. जोशी ने सीईओ को कहा कि परीक्षाओं के दौरान ही मूल्यांकन का काम भी पूरा करा लिया जाए। इससे रिजल्ट को समय पर जारी करना आसान हो जाएगा। कक्षा छह से लेक नवीं और 11 वीं तक की सभी परीक्षाएं दो पाली में होंगी।

### पूर्व शिक्षक के बैंक खातों से छह लाख उड़ाए

ऋषिकेश। गुमानीवाला निवासी एक पूर्व शिक्षक के खाते से साइबर ठग ने छह लाख से ज्यादा की रकम साफ कर दी। पीड़ित को इसका पता चला तो उसने टोल फ्री नंबर पर इसकी शिकायत की। पुलिस को भी तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक गुमानीवाला स्थित कैनाल रोड निवासी सेवानिवृत्त शिखक राधाकृष्ण बिजल्वाण ने तहरीर दी। बताया कि आठ से 13 जनवरी के बीच उनके तीन अलग–अलग बैंक शाखाओं में खाते से रकम निकाली गई। पीड़ित ने तबाया कि एक शाखा से 4,92,457 रुपये, दूसरी से 1,05931 रुपये और तीसरी शाखा में बैंक खाते से 88,181 रुपये यूपीआई के माध्यम से निकाले गए। कुल 6,86,569 रुपये खातों से अज्ञात ने साफ किए हैं। दावा किया कि अज्ञात ने ई–सिम बनाकर यह रकम खातों से निकाली। बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर कई ओटीपी तो आए, लेकिन उन्होंने इसकी जानकारी फोन पर किसी को नहीं दी और न ही किसी ने ओटीपी जानने के लिए उन्हें फोन कॉल की। श्यामपुर चौकी प्रभारी ओमवीर चौधरी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### यूसीसी लागू होने पर महिलाओं ने गंगा आरती की

ऋषिकेश। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट ने उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने पर खुशी जताई। मंगलवार को ट्रस्ट की महिलाओं द्वारा करवाई गई गंगा आरती यूसीसी को समर्पित रही। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट से जुड़ी महिलाओं ने पूर्णानंद घाट पर गंगा आरती की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी। महिलाओं ने यूसीसी को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में पांच भारतीय मछुआरे घायल

## भारत ने जताई नाराजगी, हाई कमिश्नर को किया तलब



नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच एक बार फिर से तनाव की स्थिति देखने को मिल सकती है। मंगलवार को डेल्फ्ट द्वीप के पास 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गोलीबारी की घटना सामने आई। इस घटना के दौरान मछली पकड़ने वाले मछुआरे नाव पर सवार थे। दरअसल, मंगलवार को सुबह डेल्फ्ट द्वीप के पास भारतीय मछुआरों मछली पकड़ रहे थे।

इसी दौरान श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों को हिरासत में ले लिया और इन मछुआरों में पर गोलीबारी भी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई गोलीबारी की घटना पर गुरुवार को श्रीलंका के समक्ष भारत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

**भारत ने जताया विरोध**

श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी के जवाब में विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया। वहीं, इस घटना को लेकर कड़ा विरोध जताया। बयान में कहा गया है कि कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने भी इस मामले को श्रीलंका सरकार के विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है। बयान में कहा गया कि भारत सरकार ने हमेशा मछुआरों से संबंधित मुद्दों को मानवीय और मानवीय तरीके से निपटाने की आवश्यकता पर बल दिया है, जिसमें आजीविका संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखा गया है। किसी भी परिस्थिति में बल का प्रयोग स्वीकार्य नहीं है। इस संबंध में दोनों सरकारों के बीच मौजूदा सहमति का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

**गोलीबारी में कई मछुआरे घायल**

बता दें कि इस जहाज पर सवार 13 मछुआरों में से पांच को गोलीबारी में गंभीर चोटें आई हैं। घायल मछुआरों का जाफना टीचिंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। विदेश मंत्री ने एक बयान में कहा कि भी घायल मछुआरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि जाफना स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना तथा मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की।

## 14 कांग्रेसी पार्टी से छह साल के लिये निष्कासित

काशीपुर। नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस मेयर प्रत्याशी और पार्षद प्रत्याशियों का विरोध करने पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर महानगर कांग्रेस ने 14 कांग्रेसियों को छह साल के लिये पार्टी से निष्कासित कर दिया है। मंगलवार को कांग्रेस मेयर प्रत्याशी संदीप सहगल के कार्यालय में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के चारों अध्यक्ष, समस्त कांग्रेस प्रकोष्ठों के पदा धिकारी और कार्यकर्ता रहे। विस्तृत चर्चा में कहा कि इस चुनाव में बार पहली बार कांग्रेस को हर जाति, धर्म और वर्ग का भरपूर समर्थन मिला। हमने बहुत अच्छा चुनाव लड़ा। सभी कांग्रेस कार्यकताओं ने एकमत होकर प्रस्ताव पास किया कि जिन कार्यकर्ताओं ने मेयर प्रत्याशी व पार्षद प्रत्याशी के खिलाफ कार्य किया है उनको तत्काल प्रभाव से छह वर्षों के लिये कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किया जाना चाहिये।

## नाजायज पिता से गुजारा भत्ता की मांग खारिज

# सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी डीएनए टेस्ट की अनुमति



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दो दशक से चले आ रहे दिलचस्प केस में मंगलवार को अहम फैसला सुनाया है। मामला एक 23 साल के युवक से जुड़ा है, जिसने अदालत से कहा था कि वह अपनी मां के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर से पैदा हुई संतान है। युवक ने कोर्ट से अपील की थी कि वह उसके बायोलॉजिकल पिता का डीएनए टेस्ट करवाने का आदेश दे। युवक का कहना था कि वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा है और कई बार सर्जरी करा चुका है। उसने अपने बायोलॉजिकल पिता से गुजारे भत्ते की मांग की थी।

**2001 में हुआ था जन्म**

दरअसल एक महिला की शादी 1989 में हुई थी। 1991 में उसे एक बेटी हुई। इसके बाद 2001 में उसने एक बेटे को जन्म दिया। 2003 में महिला अपने पति से अलग रहने लगी और 2006 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद महिला ने नगर निगम में अपने बेटे के बर्थ रिकॉर्ड में पिता का नाम बदलवाने की कोशिश की। महिला ने दावा किया कि वह एक्स्ट्रा मैरिटल रिलेशनशिप में थी और उसका बेटा इसी अफेयर से पैदा हुआ। हालांकि अधिकारियों ने बर्ड रिकॉर्ड में बदलाव के लिए कोर्ट के ऑर्डर की मांग की। इसके बाद मामला कोर्ट में पहुंचा।

**हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक**

2007 में लोकल कोर्ट ने कथित बायोलॉजिकल पिता का डीएनए टेस्ट कराने के आदेश दिए। लेकिन इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई और 2008 में हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने कहा कि पैटरनिटी टेस्ट का आदेश तभी दिया जा सकता है, जब ये साबित हो जाए कि पति–पत्नी के बीच संपर्क नहीं था। युवक की दलील थी कि उसे कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उसके पास अब सर्जरी के लिए पैसे नहीं बचे हैं। इसलिए उसने अपने बायोलॉजिकल पिता से गुजारे भत्ते की मांग की थी। युवक ने कहा कि उसे अपने लीगल पिता से कोई भी मेटेंनेंस नहीं मिल रहा है।

# अभी और सताएगी कड़ाके की ठंड, इन 4 राज्यो में कोल्ड वेव का अलर्ट



नई दिल्ली। । उत्तर भारत में मौसम करवट ले रही है। दिल्ली–ठउफ समेत कई राज्यों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर भारत में दिन में धूप की वजह से लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। हालांकि, शाम और देर रात चलने वाली सर्द हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ जाती है।

**दिल्ली में अगले दो दिनों में बारिश का अनुमान**

बात करें राष्ट्रीय राजधानी की तो मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में दिल्ली में बारिश की संभावना है। स्काईमेट वेदर की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक साथ दो–दो पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण कई इलाकों में बारिश हो सकती है। आज (28 जनवरी) दिल्ली में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। अगले दो दिनों में बारिश का अनुमान भी है। राजस्थान के कई इलाकों में शीतलहर का प्रकोप है। पहाड़ों पर बर्फबारी व चल रही ठंडी हवाओं के कारण पंजाब में सोमवार को कड़ाके की ठंड रही। आज भी राज्य में धुंध रहने की आशंका है। बात करें हरियाणा की तो मौसम विज्ञानियों ने दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रों में पाला पड़ने की चेतावनी जारी की है। साथ ही प्रदेश के सात जिलों में शीतलहर चलने और छह जिलों में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया है। बता दें कि आज के लिए कटऊने हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बिहार के 10 जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। जम्मू में 29 जनवरी से दो फरवरी तक कहीं वर्षा तो कहीं बर्फबारी होने से फिर सर्दी बढ़ेगी। बता दें कि 31 जनवरी को 40 दिवसीय चिल्लई कलां अपनी पारी समाप्त करेगा। पहली फरवरी से चिल्ले कलां की तुलना में कम तीव्रता वाले ठंडे दौर 20 दिवसीय चिल्लई–खुर्द (छोटी सर्दी) और 10 दिनों का चिल्लई–बच्चा (कम सर्दी) का मौसम रहेगा।

## विधायक उमेश कुमार का शस्त्र लाइसेंस निलंबित

देहरादून। विधायक उमेश कुमार का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी देहरादून ने रुड़की में हुई घटनाओं के बाद यह कदम उठाया। उन्होंने बताया कि लाइसेंस के निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। रुड़की के सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में हुए घटनाक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने यह कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सिविल लाइन कोतवाली रुड़की में उमेश कुमार के खिलाफ हथियार लहराने, जाने से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज है। हरिद्वार पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर जनहित में शस्त्र लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विधायक उमेश कुमार के नाम पर यह शस्त्र लाइसेंस देहरादून के नेहरू ग्राम के पते पर जारी किया गया है।

## नैनीताल जिले के 6 चौकी प्रभारी और 10 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

नैनीताल। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने आज अपराध समीक्षा की बैठक आयोजित की। इसी बीच उन्होंने नशे के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले 6 पुलिस चौकी प्रभारियों और चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया है। साथ ही एसएसपी ने नशे की तस्करी के खिलाफ कठोर कदम उठाने और नशा माफियाओं के खिलाफ उनके नेटवर्क को खत्म करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया है।

अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर उपनिरीक्षक बबीता थाना हल्द्वानी, उपनिरीक्षक श्याम सिंह बोरा थाना हल्द्वानी, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार प्रभारी चौकी मेडिकल, उपनिरीक्षक विजय कुमार प्रभारी चौकी हीरानगर, उप निरीक्षक जगदीप सिंह नेगी प्रभारी चौकी टीपी नगर, उपनिरीक्षक भुवन सिंह राणा प्रभारी चौकी मंडी, उनि देवेंद्र सिंह राणा प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव, उप निरीक्षक रमेश चंद्र पंत प्रभारी चौकी कोटाबाग और अठळा के कांस्टेबल अरविंद कार्की समेत कांस्टेबल नवीन कुमार को फटकार लगाते हुए लाइन हाजिर किया है।

एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि ड्रगझफ्री देवभूमि मिशन–2025 को सफल बनाने के तहत सभी थाना/चौकी और एसओजी प्रभारी को कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को आदेश दिया गया कि वे सक्रिय रूप से कार्य करें और नशे के कारोबार में शामिल अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करें।

## मौनी अमावस्या पर 10 घंटे से अधिक समय तक स्नान करेंगे अखाड़े



प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को अखाड़ों के संत एवं नागा संन्यासी 10 घंटे से अधिक समय तक अमृत स्नान करेंगे। सबसे पहले संन्यासी परंपरा के महानिर्वाणी एवं शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के संत सुबह 5.00 बजे स्नान करेंगे। इसके लिए संत अपने शिविर से चार बजे प्रस्थान कर जाएंगे। वहीं, आखिरी में निर्मल अखाड़ा के संत दिन में 2.25 बजे से 2.45 बजे तक स्नान करेंगे। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के लिए विशेष तैयारी की गई है। मकर संक्रांति अमृत स्नान के दौरान अखाड़ा मार्ग पर श्रद्धालु भी घुस गए थे। बैरिकेडिंग भी टूट गई थी। इसके अलावा अखाड़ों के स्नान घाट पर भी श्रद्धालु पहुंच गए थे। इसे देखते हुए मौनी के लिए अखाड़ा मार्ग पर मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। जाली भी लगाई जा रही है। ताकि, लोग बैरिकेडिंग में घुस भी ना सकें। इसके अलावा अखाड़ों के स्नान घाट का विस्तार किया गया है। इसके लिए घाट को यमुनाजी की तरफ बढ़ाया गया है। इसके अलावा घाट पर भी बैरिकेडिंग की गई है।

## रायबरेली: महाकुंभ जाने लिए रेलवे स्टेशन पर टूटी भीड़

रायबरेलीः महाकुंभ जाने लिए रेलवे स्टेशन पर टूटी भीड़,मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ बछरावां, ऊंचाहार और रायबरेली रेलवे स्टेशन पर टूट पड़ी। संगम स्पेशल और त्रिवेणी रद्द होने से भी ट्रेनों में सफर को लेकर मारामारी रही। बछरावां रेलवे स्टेशन पर शाम आठ बजे जब गंगा गोमती आई तो उसमें चढ़ने के लिए श्रद्धालुओं दौड़ पड़े। ट्रेन भरी होने से सीट न मिलने और बोगी का गेट न खोलने से यात्रियों ने जमकर हंगामा करने के साथ मारपीट की। करीब दस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। आरपीएफ ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में किया। वहीं 200 यात्रियों ने हंगामा कर पैसा वापस करने की मांग की। इस पर लखनऊ कंट्रोल रूम से संपर्क साधा गया और विशेष ट्रेन भेजने को कहा गया।

# शरिया कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मुस्लिम महिला, उत्तराधिकार कानून लागू करने की मांग



;नई दिल्ली। शरिया कानून के खिलाफ एक मुस्लिम महिला ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। महिला ने याचिका में खुद पर शरीयत के बजाय भारतीय उत्तराधिकार कानून लागू करने की मांग की है। अब शीर्ष न्यायालय ने केंद्र सरकार से अपना पक्ष पूछा है।

**चीफ जस्टिस के पास पहुंचा केस**

अलपुझा की रहने वाली और "एक्स–मुस्लिम्स ऑफ केरल" की महासचिव साफिया पी एम की याचिका मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष आई। जिसपर केंद्र को नोटिस जारी किया गया है।

केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिका ने एक दिलचस्प सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, "याचिकाकर्ता महिला जन्मजात मुस्लिम है। उसका कहना है कि वह शरीयत में विश्वास नहीं करती और उसे लगता है कि यह एक पिछड़ा कानून है।" पीठ ने कहा कि यह आस्था के खिलाफ होगा। इसपर कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा। मेहता ने निर्देश लेने और जवाबी हलफनामा दर्ज करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा। पीठ ने चार सप्ताह का समय देते हुए सुनवाई 5 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में करने की बात कही।

**महिला ने रखी ये मांग**

पिछले साल 29 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका पर केंद्र और केरल सरकार से जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता ने कहा कि हालांकि उसने आधिकारिक तौर पर इस्लाम नहीं छोड़ा है, लेकिन वह नास्तिक है और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म के अपने मौलिक अधिकार को लागू करना चाहती है, जिसमें "विश्वास न करने का अधिकार" भी शामिल होना चाहिए।

## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय खेलों का महापर्व

उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है जो प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, खास तौर पर उन परिस्थितियों में जब राष्ट्रीय खेल करने की कतार में उत्तराखंड से कहीं अधिक संपन्न राज्य खड़े नजर आ रहे थे। राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों को खेल और पौष्टिक आहार के फायदे भी गिनाए। खेलों की दृष्टि से देखें तो उत्तराखंड के लिए यह आयोजन मिल का पत्थर साबित हो सकता है। एक बड़ा बजट इन खेलों के लिए राज्य सरकार ने रखा है जिससे न केवल खेल के मैदान की दशा सुधरे की बल्कि खिलाड़ियों को भी नए ऑप्शन चयन करने में आसानी होगी। उत्तराखंड अपने 25वें गठन वर्ष में प्रवेश कर चुका है लेकिन अभी भी खेलों की नजरिया से देखें तो उत्तराखंड में स्थिति कोई बहुत अधिक संतोषजनक नहीं है। इन राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी क्योंकि एक मेजबान राज्य होने के नाते उपलब्धियां मायने रखती हैं। उत्तराखंड में अभी भी ऐसे उन्नत और सुदृढ़ विकसित स्टेडियम नहीं है जहां अधिक से अधिक खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर सके। गिनती के कुछ स्टेडियम स्तरीय बनाने की कोशिश की गई है लेकिन उनकी स्थिति भी कोई बहुत अच्छी नहीं है। राष्ट्रीय खेलों के कारण इन स्टेडियमों के साथ–साथ कुछ खेल मैदानों को भी दुरुस्त किया गया है जिसका लाभ खिलाड़ियों को अवश्य मिलेगा। देखना यह होगा की राष्ट्रीय खेलों के संपन्न होने के बाद क्या यह खेल मैदान इसी स्वरूप में रहेंगे या फिर रखरखाव के अभाव में उनकी स्थिति बिगड़ती चली जाएगी। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखंड के खिलाड़ियों को भी एक नया प्लेटफार्म हासिल होगा तथा नए प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी विभिन्न स्पर्धाओं से प्रेरणा लेकर खेलों को अपने भविष्य के रूप में चुनने का साहस जुटा पाएंगे। ऐसा तभी संभव है जब उत्तराखंड सरकार खेलों की ओर विशेष ध्यान दें और प्रत्येक जनपद व ब्लॉक स्तर पर ऐसे खेल मैदान विकसित किए जाएं जहां खिलाड़ियों को अच्छे संसाधन और सुविधाएं हर समय उपलब्ध हो। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उम्मीद की जानी चाहिए की उत्तराखंड इन खेलों में अधिक से अधिक मेडल जीतकर अपनी एक अलग छाप छोड़ेगा।

# भारत के विकास में प्रवासी भारतीय का बड़ा योगदान

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां प्रवासी भारतीय भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुतः विदेशों में भारतीय प्रवासी भारत के राजदूत हैं, और अपने–अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसे पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से सहयोग अपेक्षित है। अपेक्षा है कि वे भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी कहते हुए दिखाई दिए कि वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुी में लेने के लिए जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाएं हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार–कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े।गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024–25 में अप्रैल से सितम्बर, 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है तथा एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षो में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रेत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रेत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस नेकुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन भी शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निस्संदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, आर्थिक और वित्तीय सुधारों की अहम भूमिका है। इसमें दो मत नहीं हैं कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं, और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई देश नहीं दिख रहा। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है, और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा भारत नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। हम उम्मीद करें कि 2025 में सरकार प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से भारत के लिए अधिक एफडीआई प्राप्त करने के नये रणनीतिक प्रयास करेगी।एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए भी सरकार और अधिक प्रयास करेगी। हम उम्मीद करें कि 2025 में भारत की विशाल कौशल–प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी।

# कृत्रिम स्थिरता की चाहत

एक राष्ट्र–एक चुनाव योजना की प्रेरक सोच पर गंभीर सवाल हैं। ऐसी ही सोच के तहत दल–बदल विरोधी कानून बनाया गया था। उससे दल–बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों–विधायकों की स्वतंत्र चेतना पर जरूर ताला लग गया। खबरों के मुताबिक एक राष्ट्र–एक चुनाव योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है।कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर–निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं। इस बीच विधि आयोग ने जो सुझाव रखे हैं, उसके मुताबिक सभी विधानसभाओं के चुनाव दो किस्तों में इस तरह संपन्न कराए जाएंगे, जिससे 2029 में लोकसभा के साथ–साथ उन सबका चुनाव कराया जा सके। एक दूसरा संशोधन इस योजना को टिकाऊ बनाने के लिए दिया गया है।इसके तहत अगर सदन की मध्यावधि में कोई सरकार गिर जाती है, तो विकल्प के तौर पर विभिन्न दलों की ह्यएकता सरकारह्व बनाई जाएगी। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो फिर नया चुनाव बची अवधि भर तक के लिए कराया जाएगा, ताकि एक राष्ट्र– एक चुनाव का क्रम बना रहे। इस योजना में यह समझ अंतर्निहित है कि सभी दलों की नीतियां कमोबेश एक जैसी हैं और सारी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच है।इसलिए यूनिटी गवर्नमेंट सहजता से बन जाएगी। बहरहाल, उससे कहीं ज्यादा गंभीर सवाल इस योजना की प्रेरक सोच पर है। स्पष्टतः यह सोच कृत्रिम राजनीतिक स्थिरता थोपने की है । ठीक ऐसी ही सोच के तहत 1985 में दल–बदल विरोधी कानून बनाया गया था। इस कानून से दल–बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों–विधायकों के स्वतंत्र राजनीतिक रुख तय करने की प्रवृत्ति पर जरूर ताला लग गया। अब जो सुझाव विधि आयोग ने दिए हैं, उनसे राजनीतिक प्रक्रिया और सरकारों को जवाबदेह बनाए रखने की विधायिका की भूमिका पर वैसा ही अंकुश लग सकता है। आज भारतीय लोकतंत्र की मूलभूत समस्या सत्तासीन लोगों और संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था का कमजोर पड़ते जाना है। अब जो सुझाव दिए गए हैं, उनसे खर्च तो शायद ही बचे, लेकिन जवाबदेही का सिस्टम जरूर और कमजोर हो जाएगा।

## भारत के धनवान

भारत ना सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी। दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है। यह बात रिपोर्ट तैयार करने वाले अध्ययनकर्ताओं ने भी कही है।एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अति धनी व्यक्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगले चार साल में इस तादाद में और भी ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ोतरी होगी। बड़ी तस्वीर तो यह है कि यह वृद्धि दुनिया में सबसे तेज दर से होगी। इस तरह भारत दुनिया में अति धनवान व्यक्तियों की संख्या में सबसे तेज वृद्धि दर दर्ज करने वाला देश बन जाएगा। भारत से जो देश पीछे छूट जाएंगे, उनमें चीन भी शामिल है। भारत में यह दर 50.1 प्रतिशत रहेगी, जबकि चीन में 47 फीसदी।

स्पष्टतः भारत ना सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी। दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है। यह बात नाइट फ्रैंक संस्था के अध्ययनकर्ताओं ने भी कही है, जिनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के अति धनवान लोगों के शौक क्या हैं। रिपोर्ट में अति धनवान उन लोगों को माना गया है, जिनके पास तीन करोड़ डॉलर– यानी लगभग सवा दो सौ करोड़ रुपये– से अधिक की संपत्ति है।अब यह देखना दिलचस्प है कि इन लोगों की पसंद क्या है। बताया गया है कि पिछले वर्ष लग्जरी घड़ियों, कलाकृतियों और जेवरात पर इन लोगों के खर्च में क्रमशः 138, 105 और 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यानी संकेत यह है कि ये लोग किसी उत्पादक कार्य में धन लगाने के बजाय विलासिता पर अधिक खर्च कर रहे हैं।

# महिलाओं का सशक्तिकरण

**सुशील कुमार लोहानी**

18 जनवरी, 2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।

स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह–स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है – यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।

योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है – महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू–स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह–स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह–स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16त्न से बढ़कर 88त्न हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ–साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह–स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

# सनी देओल की साउथ डेब्यू जाट की रिलीज डेट आउट

सनी देओल की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म जाट के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया और तब से ही फैंस इसके ट्रेलर और रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं. अब फाइनली फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है. आपको बता दें कि सनी देओल की थिएटर में यश और प्रभास जैसे बड़े साउथ इंडियन हीरोज से टक्कर होने वाली है. इसके अलावा उस समय और भी फिल्में इसके आस–पास रिलीज होंगी. सनी देओल की जाट को पुष्पा 2 के मेकर्स मैथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं. प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म से एक नया पोस्टर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट अनाउंस की. पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, जाट की दुनियाभर में ग्रैंड रिलीज 10 अप्रेल को होगी. ये फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होने जा रही हैं. इसे गोपीचंद ने डायरेक्ट किया है वहीं मैथ्री मूवी मेकर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है.सनी देओल की जाट 10 अप्रेल को रिलीज होने जा रही है. इसी



दिन दो पैन इंडिया स्टार भी थिएटर में दस्तक देने वाले हैं. पहले केजीएफ स्टार यश जिनकी टॉक्सिक भी इसी दिन रिलीज होगी वहीं प्रभास की द राजा साब के लिए भी 10 अप्रेल की डेट चुनी गई है. इसका मतलब है कि सनी देओल की फिल्म को बड़ी टक्कर मिलने वाली है. यह भी कहा जा सकता है कि तीनों फिल्मों को बड़े क्लैश का सामना करना पड़ेगा. सनी देओल की जाट, यश की टॉक्सिक और प्रभास की द राजा साब थिएटर्स में 10 अप्रेल को आएंगी. इनके अलावा 14 अप्रेल को मोगली, नंदमुरी मोक्षगना, प्रभास हनु, स्पिरिट, एसएसएमबी 29 जैसी फिल्में 14 अप्रेल के लिए शेड्यूल की गई हैं.

## उम्मीद की एक नई किरण बनेगा अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम का टी20 मैच

नई दिल्ली, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम का मेलबर्न में होने वाला प्रदर्शनी मैच देश की महिलाओं के लिए उम्मीद की एक नई किरण है। तालिबान के देश पर कब्जे के बाद, अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट खिलाड़ी अब मेलबर्न और कैनबरा में बस गई हैं। ये खिलाड़ी गुरुवार को मेलबर्न के जंक्शन ओवल मैदान पर क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन टीम के खिलाफ टी20 मैच खेलेंगी। इस मैच के बाद, उसी दिन शाम को एमसीजी में डे–नाइट महिला एशेज टेस्ट मैच होगा। हॉकले ने यह भी बताया कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अफगानिस्तान की महिला टीम के खिलाड़ियों को भविष्य में मैच आयोजित करने के लिए आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, यह पहला कदम है। इंग्लैंड से हमारे ईसीबी के साथी महिला एशेज देखने आएंगे, और अफगान महिला टीम को समर्थन देने के लिए बातचीत जारी है। सबसे पहले, जागरूकता बढ़ानी जरूरी है।

# प्रीमियर लीग : मार्टिनेज की स्ट्राइक ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम पर 1–0 से जीत दिलाई

लंदन, लिसांद्रो मार्टिनेज के डिफ्लेक्टेड शॉट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम के खिलाफ 1–0 की जीत दिलाई। यह हार फुलहम के लिए 23 नवंबर के बाद अपनी घरेलू जमीन पर पहली हार थी।अर्जेंटीना के खिलाड़ी मार्टिनेज ने खेल के 78वें मिनट में गोल किया। यह मैच वेस्ट लंदन में हुआ, जो काफी कड़ा मुकाबला था। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रेवेन कॉटेज में अपने पिछले आठ मैच जीते हैं, यह सिलसिला दिसंबर 2011 से जारी है।इस सीजन की तीसरी बाहर की जीत से यूनाइटेड अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। अब टीम का ध्यान व्यस्त जनवरी में यूईएफए यूरोपा लीग पर है।गुरुवार को यूनाइटेड की टीम रोमानिया में एफसीएसबी के खिलाफ खेलेगी। अगर यह मैच जीता तो यूनाइटेड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16



में जगह बना लेगा।मैच के पहले हाफ में यूनाइटेड ने केवल एक शॉट लगाया, जबकि फुलहम का प्रदर्शन बेहतर रहा। एलेक्स इवोबी ने सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा और दो बार यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को परेशान किया। वहीं, राउल जिमेनेज के कुछ शॉट्स क्रॉसबार के ऊपर चले गए।दूसरे हाफ में भी खेल का पैटर्न लगभग वैसा ही रहा। हालांकि, कुछ यूनाइटेड फैंस को लगा कि ब्रूनो फर्नांडेज की 20 गज की दूरी से फ्री–किक गोल में चली गई, लेकिन गेंद साइड–नेटिंग में थी।आखिरकार, किस्मत ने यूनाइटेड का साथ दिया।

# फिल्म लैला से विश्वक सेन का एकदम नया स्टाइलिश पोस्टर आउट



विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला का स्टाइलिश फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों तरह की भूमिकाएं निभाने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाया गया है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला एक रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर है।

पोस्टर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल के रूप में दिखाया गया है, जो आत्मविश्वास और रवैये के साथ–साथ सोने की एक्सेसरीज और बोल्ड टैटू के साथ दिखाई दे रहे हैं। उनके हाव–भाव उनके किरदार की जटिल प्रकृति का संकेत देते हैं। यह बदलाव विश्वक सेन की विविधता को दर्शाता है, साथ ही आकांक्षा शर्मा की मुख्य महिला के रूप में पहली फिल्म भी है। लैला में वासुदेव मूर्ति (पटकथा), रिचर्ड प्रसाद (छायाचित्रण), लियोन जेम्स (संगीत) और ब्रह्मा कदली (कला निर्देशन) सहित प्रतिभाशाली तकनीकी दल शामिल हैं। वैलेंटाइन डे, 14 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज होने वाली लैला एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

## टाइगर श्रॉफ की नवीनतम पोस्ट है एकदम खास

बॉलीवुड के पहले और सबसे युवा 200 करोड़ क्लब सेंसेशन, टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम थ्रोबैक पोस्ट से इंटरनेट पर तहलका मचा रहे हैं। अपनी सुगठित बॉडी और आग लगा देने वाली इंटेंसिटी का प्रदर्शन करते हुए, इस एक्शन सुपरस्टार ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है और कमेंट सेक्शन में हलचल मचा दी है। 2025 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक, उनकी आगामी फिल्म बागी 4 के लिए उत्साह बढ़ने के साथ, टाइगर का बेजोड़ करिश्मा और समर्पण, एक ग्लोबल एक्शन आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत कर रहा है। सुपरस्टार स्क्रीन और सोशल मीडिया दोनों पर आग लगा रहे है, और वह एक बार फिर यह साबित कर रहे है कि उन्हें लोग एक पावरहाउस क्यों मानते है।

# पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजाई ने रचा इतिहास

नईदिल्ली, आईपीएल 2025 से पहले पंजाब किंग्स के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है. इस टीम ने जिस खिलाड़ी को नीलामी से खरीदकर अपने साथ जोड़ा है, उसे आईसीसी ने एक खास अवॉर्ड से नवाजा है. इसी के साथ उस अफगानी प्लेयर ने इतिहास रच दिया है. सस्पेंस खत्म करते हुए आइए आपको बताते हैं कि वह खिलाड़ी कौन है? इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने क्रिकेटर्स को सम्मानित करने के लिए 2004 में आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड की शुरुआत की थी. अब लगभग 20 सालों के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए वो दिन आया है, जब उनके किसी प्लेयर को इस खास सम्मान से सम्मानित किया गया है. जी हां, 24 वर्षीय अजमतुल्लाह उमरजाई अफगानिस्तान के पहले क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्हें आईसीसी ने प्लेयर



ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है. 2024 में उमरजई ने कई अहम प्रदर्शन किए हैं. खासतौर पर टी–20 वर्ल्ड कप 2024 में अपनी टीम को टॉप–4 में पहुंचाने में इस बल्लेबाज का अहम योगदार रहा. आईपीएल 2025 के लिए हुए मेगा ऑक्शन से पंजाब किंग्स ने एक से बढ़कर एक खिलाड़ी खरीदे और एक मैच विनर टीम तैयार कर ली है. पंजाब ने नीलामी से अफगानिस्तान के तूफानी बल्लेबाज अजमतुल्लाह उमरजई को खरीदकर अपने साथ जोड़ा है. उमरजई के लिए ये पहला आईपीएल सीजन होगा, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने खूब प्रदर्शन किया है. 24 साल के बल्लेबाज ने अफगानिस्तान के लिए अब तक 47 टी20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 111 की स्ट्राइक रेट से 907 रन बनाए हैं. इसके अलावा उन्होंने 30.16 के औसत से 31 विकेट भी लिए हैं. शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहल वढेरा, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, विजयकुमार विशक, यश ठाकुर, मार्को यानसन, जोश इंगलिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर पन्नू ,कुलदीप सेन, प्रियांश आर्य, एरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टले, पाइला अविनाश, प्रवीण दुबे.

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की घटना का खुलासा नहीं होने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड नैनीडांडा के अंतर्गत ग्राम मैरा निवासी भारत सिंह रावत ने अपने घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने पर आक्रोश जताया। कहा कि चोरी घटना के डेढ़ माह बाद भी पुलिस चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में ग्राम मैरा निवासी भारत सिंह रावत ने कहा कि विगत 14 दिसंबर को वह अपने स्वजनों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रखा था। इसी दौरान मौका का फायदा उठा गांव के ही कुछ शरारती तत्वों ने उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखी सोने की हार व 73 हजार रूपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया, जिसकी शिकायत उन्होंने थाना धुमाकोट में कर दी थी। घटना की सूचना पर पुलिस गांव में आई और दो ग्रामीणों को पकड़ कर ले गई। लेकिन, पुलिस ने उन्हें पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। पुलिस के डर से चोर सोने का हार मेरे घर के बगल में फेंक कर चले गए। कहा कि सोने का हार तो उन्हें मिल गया है। लेकिन, 73 हजार की नकदी अभी तक बरामद नहीं हो पाई है। उन्होंने अपनी प्राथमिक रिपोर्ट को थाना रिखणीखाल में स्थानांतरण करने की मांग की है। कहा कि धुमाकोट थाना पुलिस उन्हें गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

### शिविर में 62 चालक-परिचालकों के नेत्रों की हुई जांच

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : परिवहन विभाग की तरफ से सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को चालक-परिचालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 चालक-परिचालकों के नेत्रों की जांच की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिवहन अधिकारी शशि दूबे ने किया। शिविर में आए वाहनों के चालक-परिचालकों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। तत्पश्चात राजकीय बेस हास्पिटल के नेत्र चिकित्सक विपिन कंडारी ने वाहन चालक व परिचालकों के नेत्रों का परीक्षण किया। सभी चालक-परिचालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। इस मौके पर परिवहन कर अधिकारी हरीश सती, परिवहन अधिकारी जयंत वशिष्ठ, परिवहन उप निरीक्षक अश्वनी कुमार, जीएमीटी अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सुरेंद्र रावत, राकेश भट्ट सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### एक फरवरी से होगा कण्वाश्रम महोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली कण्वाश्रम में कण्वाश्रम महोत्सव एक फरवरी से होगा। व्यवस्थाओं को लेकर समिति की ओर से बैठक आयोजित की गई। कण्वाश्रम महोत्सव तीन फरवरी तक चलेगा।आयोजन समिति के अध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि एक फरवरी को महोत्सव का शुभारंभ विद्यालयों के छात्रों व संस्कृति विभाग के दलों के माध्यम से मार्च पास्ट के साथ होगा। दो फरवरी को विभिन्न प्रकार के खेलों के आयोजन के साथ महिलाओं की मनोरंजक प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तीन फरवरी को उत्तराखंड के प्रसिद्ध सांस्कृतिक दलों के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस मौके पर महोत्सव के संयोजक मंजुल डबराल, सह संयोजक जगमोहन सिंह रावत, वीरेंद्र भारद्वाज, पंकज कबडाल, पंकज नेगी, मंजीत नेगी, गौरव रावत, आशीष रौतेला मौजूद रहे।

### महापौर को देंगे ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लगातार शिकायत के बाद भी ठगी का पैसा नहीं मिलने पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि वह इस संबंध में नवनियुक्त महापौर को भी ज्ञापन देंगे। सुखदेव शास्त्री ने बताया कि पीड़ित फरवरी माह के अंत में मुख्यमंत्री कार्यालय देहरादून का भी घेराव करेंगे।

### राष्ट्रीय खेलों में शिक्षक मनोज और सतीश निभाएंगे भूमिका

श्रीनगर गढ़वाल : चंबा ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाखचौरा में कार्यरत व्यायाम शिक्षक मनोज नेगी और कीर्तिनगर ब्लॉक के जीआईसी खोला-कड़ाकोट में कार्यरत व्यायाम शिक्षक सतीश बलूनी 38वें राष्ट्रीय खेलों में कबड्डी के तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। 28 जनवरी से 14 फरवरी तक कबड्डी खेल के लिए राष्ट्रीय तकनीकी पैनल में इन व्यायाम शिक्षकों का चयन हुआ है। कबड्डी की प्रतियोगिता 29 जनवरी से 4 फरवरी तक रोशनाबाद इंडोर स्टेडियम हरिद्वार में होगी। कबड्डी के राष्ट्रीय पैनल में चयनित होने पर सीईओ एसपी सेमवाल, बीईओ कीर्तिनगर डॉ. यशवंत नेगी, चंबा नरेश हल्दियानी, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष यशपाल रावत, सचिव दिनेश कैंतुरा, जिला खेल समन्वयक विनोद नेगी, कोषाध्यक्ष कमलनयन रतूड़ी, दिनेश रावत, कमलेश्वर प्रसाद आदि ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। (एजेंसी)

# अपने गढ़ में ही हारी कांग्रेस, अंतर्कलह का मिला फायदा



कोटद्वार में स्थिति नगर निगम का कार्यालय

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम चुनाव में कांग्रेस अपने गढ़ में भी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाई। यहां भी भाजपा ने उसके वोटों पर सेंधमारी की है। वहीं, कांग्रेस में चल रही अंतर्कलह का भारतीय जनता पार्टी को काफी फायदा मिला। ऐसे में निकाय चुनाव कांग्रेस को कई सबक सिखा गया है।

निकाय चुनाव में कांग्रेस का अंतर्कलह जग-जाहिर था। इसी का फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिला है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत को चुनावी रण में उतारा। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होकर चुनावी रण में उतरे शैलेंद्र के राह भले ही सामने से प्रशस्त नजर आ रही थी। लेकिन, भीतरघात की भी प्रबल संभावनाएं थी। लेकिन, कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए शैलेंद्र सिर्फ क्षेत्रीय जनता की नब्ज से भली-भांति परिचित थी, बल्कि उन्होंने कांग्रेस की अंतर्कलह का भी फायदा उठाया। उन्होंने जहां एक ओर कांग्रेस के गढ़ समझे जाने वाले क्षेत्रों में यह प्रचारित किया कि कांग्रेस बिखरी हुई है और चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है। वहीं, दूसरी ओर भाजपा के तमाम नेताओं को साथ रख यह दिखाने का प्रयास भी किया कि भाजपा पूरी तरह एकजुट है। पूर्व में हुए निकाय चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलवाने वाले लकड़ीपड़ाव, आमपड़ाव क्षेत्र से भी इस बार कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाई। पांच नंबर वार्ड की बात करें तो वर्ष-2018 के चुनाव में यहां कांग्रेस को 1079 व भाजपा को मात्र 115 वोट मिले। जबकि, इस बार कांग्रेस को 984 व भाजपा को 482 मत प्राप्त हुए। वार्ड नंबर दस में-2018 में कांग्रेस को 1245 व भाजपा को 246 वोट मिले थे। लेकिन इस बार कांग्रेस को 1407 व भाजपा को 677 मत प्राप्त हुए।

### मशरुम उत्पादन से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : द हंस फाउंडेशन ने विकासखंड एकेश्वर के विभिन्न गांव में अभियान चलाते हुए लोगों को मशरूम उत्पादन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड एकेश्वर के अंतर्गत चौधार, भैड़गांव व हलूणी में मशरूम उत्पादन की यूनिट स्थापित की गई। फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक दलीप कुलेगी ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से क्षेत्र के करीब 25 गांव में 284 उत्पादक समूह सदस्यों के साथ यूनिट स्थापित की गई है। महिलाएं समूह से जुड़कर मशरूम उत्पादन कर रही है। मशरूम को बेचने के लिए सतपुली, एकेश्वर व संगलाकोटी के बाजार भेजा जाता है। 150 रुपये किलो के हिसाब से मशरूम बेचा जा रहा है। कहा कि इससे जहां पलायन रुक रहा है वहीं, ग्रामीणों को स्वरोजगार से जुड़ने का भी मौका मिल रहा है। ग्रामीण युवाओं को भी मशरूम उत्पादन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# पीटीए शिक्षकों पर छेड़छाड़ का आरोप, दर्ज हुआ मुकदमा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नैनीडांडा प्रखंड के जनता इंटर कालेज नैनीडांडा के दो पीटीए शिक्षकों पर विद्यालय की एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। इधर, विद्यालय की प्रबंधन समिति ने दोनों शिक्षकों को विद्यालय से बाहर कर दिया गया है। दूसरी ओर, पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। क्षेत्रीय निवासी एक व्यक्ति की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि उनकी पुत्री जइंका नैनीडांडा में अध्ययनरत है। बताया कि बीते वर्ष बीती 31 दिसंबर को भौतिक विज्ञान की प्रयोगशाला में समान संभालने के बहाने से भौतिक विज्ञान के एक पीटीए शिक्षक ने उनकी पुत्री को रोका और उससे छेड़छाड़ की गई। पुत्री के विरोध करने पर शिक्षक ने उसे फेल करने की धमकी भी दी। बताया कि इस घटना से दो दिन पूर्व नागरिक शास्त्र के पीटीए शिक्षक विनोद सोनी ने भी उनकी पुत्री से इसी प्रकार का व्यवहार किया। तहरीर में दोनों शिक्षकों पर बुरी दृष्टि रखने का आरोप लगाया। कहा कि शिक्षकों की इन्हीं हरकतों के कारण उसकी पुत्री की असामान्य स्थिति में थी। बीती 22 जनवरी को पुत्री की ऐसी स्थिति देख उससे पूछा तो पूरी बात सामने आई। इधर, धुमाकोट थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर शिक्षक विजय कुमार और विनोद सोनी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। दूसरी ओर, छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति ने दोनों शिक्षकों को विद्यालय से बाहर कर दिया है। विद्यालय के प्रबंधक रमन मधवाल ने बताया कि विजय कुमार को विद्यालय में सेवाएं देते हुए 12 वर्ष हो चुके हैं, जबकि विनोद सोनी को दो वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। बताया कि दोनों के खिलाफ पूर्व में कोई शिकायत नहीं मिली। बताया कि इस शिकायत के बाद दोनों शिक्षकों को विद्यालय से हटा दिया गया है। बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस जांच के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का फूंका पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मंगलवार को कांग्रेसियों ने पौड़ी में प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि पूर्व विधायक चैंपियन के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाय। विधायक उमेश कुमार की विधायकी तत्काल निलंबित की जाए। कहा कि खानपुर के पूर्व विधायक व विधायक के बीच विवाद के दौरान सरेआम हुई घटना प्रदेश सरकार की नाकामी को दर्शाता है। यहां माननीय ही कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। मंगलवार को पौड़ी में पुराने डीएम कार्यालय के बाहर कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शन करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि देवभूमि में आध्यात्म व शांतिप्रिय प्रदेश है। जिसके लिए यह देश-दुनिया में विख्यात है। लेकिन इस देवभूमि में खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन व विधायक उमेश कुमार ने गणतंत्र दिवस पर तमाशा करने का काम किया। पूर्व विधायक ने अवैध हथियार हवा में लहराकर फायर झोंकने का निंदनीय कार्य किया।

खानपुर के विधायक ने पिस्टल को हवा में लहराकर पद की गरिमा में गिराने का काम किया। इस विवाद में दोनों की अर्मयादित भाषा घोर निंदनीय है। प्रदर्शन करने वालो में पूर्व प्रदेश सचिव दीपक असवाल, महिला जिलाध्यक्ष नीलम रावत, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग श्रीकांत, नगर अध्यक्ष भरत रावत, उपेंद्र रावत, यशोदा नेगी, युद्धवीर सिंह रावत, विनोद दनोशी, मनमोहन डेनियल आदि शामिल रहे।

### कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कहा कि खानपुर विधानसभा में पूर्व विधायक कुंवर प्रणव चैंपियन व वर्तमान विधायक उमेश कुमार ने कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि देवभूमि में इस तरह का माहौल किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने इस नेताओं को अपना संरक्षण दिया है। वहीं प्रदेश सरकार के एक मंत्री का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह मतगणना अभिकर्ताओं को दंगा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यही नहीं मंत्री के समर्थक लोगों से गाली-गलौच भी कर रहें है। कांग्रेस ने ऐसे नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, दलीप सिंह रावत, गोपाल सिंह, अमित राज सिंह, नरेंद्र सिंह, महावीर सिंह, मनोज रावत, सुरेंद्र सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमका हाथी, मची अफरा-तफरी

### कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी है हाथी की धमक


कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमका हाथी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथी की धमक बनी हुई है। आए दिन हाथी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचकर यातायात को बाधित कर रहा है।

मंगलवार सुबह हाईवे पर धमके हाथी के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हाथी के वापस जंगल में लौटने के बाद ही यातायात सुचारु हो पाया।

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग का अधिकांश हिस्सा जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथियों की धमक बनी रहती है। लेकिन, पिछले एक सप्ताह से यह धमक बढ़ गई है। मंगलवार सुबह एक हाथी लालपुल के समीप जंगल से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच गया। हाथी के समीप पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों ने भागकर अपनी जान बचाई। दअरसल, मोड पर हाथी दिखाई नहीं देता। जिससे कई बार वाहन चालकों को खतरा बना रहता है। करीब आधे घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर टहलने के बाद हाथी वापस जंगल की ओर लौटा। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम भी लगा हुआ था। हाथी के जंगल में लौटने के बाद ही हाईवे पर यातायात सुचारु हो पाया।

# नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान दें विद्यार्थी



आयोजित कार्यशाला में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज सुखरौ में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को साइबर क्राइम व नशा मुक्ति पर जानकारी दी गई।

शिविर में सिविल जज जूनियर डिविजन सोनिया ने छात्रों को नशे के नुकसान और इससे बचने के तरीकों पर जानकारी दी। तहसीलदार साक्षी उपाध्याय ने भी छात्रों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साइबर सेल इंचार्ज दीपक अरोरा ने छात्रों को आनलाइन ठगी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अपने एटीएम पिन और बैंक खाते की जानकारी किसी से भी साझा नहीं करनी चाहिए। इससे पूर्व छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व नशा मुक्ति पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### गढ़वाल विवि ने परीक्षा की नई तिथि जारी की

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह पर अवकाश घोषित किए जाने के चलते मंगलवार को होने वाली विवि के सम्बद्ध कालेजों की परीक्षाओं को निरस्त कर नयी तिथि जारी की है। गढ़वाल विवि के सहायक कुलसचिव परीक्षा डा. विजयपाल सिंह भंडारी ने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह के चलते जिलाधिकारी देहरादून ने मंगलवार को समस्त शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया था। मंगलवार को होने वाली गढ़वाल विवि की स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एमएससी, एलएलएम और एमकाम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 11 फरवरी को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे की पाली में होगी। बीए, बीएससी एंथ्रोपोलॉजी, बीए, बीएससी और बीकाम इंटीग्रेटेड कोर्स की 21 फरवरी को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी, बीएससी उद्यानिकी की परीक्षा 17 फरवरी को अपराह्न 2 से 4 बजे की पाली में आयोजित की जायेगी। पैरामेडिकल एवं नर्सिंग की परीक्षा 12 फरवरी को आयोजित की जाएगी। (एजेंसी)

### सभी को साथ लेकर शहर के विकास के लिए करेंगे काम : हिमानी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नगर पालिका पौड़ी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमानी नेगी ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। कहा कि शहरवासियों को साथ लेकर विकास कार्य किए जाएंगे। हर वार्ड में समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। शहर के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों के साथ ही सभी को साथ लेकर शहर के विकास के लिए काम किए जाएंगे। मंगलवार को पत्रकार वार्ता में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमानी नेगी ने कहा कि चुनाव के दौरान शहरवासियों से किए गए हर वादों को पूरा किया जाएगा। कहा कि चुनाव के दौरान जारी किए गए दृष्टिपत्र में शामिल हर योजना को धरातल पर उतारने का काम तेजी से किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू कर ली गई है। कहा कि शहरवासियों को कूड़े की समस्या से निजात दिलाने के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाए जाएंगे। हाउस टैक्स में हो रही बेहताश बढ़ोत्तरी से परेशान जनता को निजात दिलाने के लिए जल्द ही इस पर काम शुरू करते हुए जनता को राहत देने का काम किया जाएगा। शहर में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए व्यापार सभा के साथ मिलकर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# खबर का हुआ असर : उप प्रभागीय वनाधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की आपबीती



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : दैनिक जयन्त के 28 जनवरी 2025 के अंक में पश्चिमी मनियारस्यूं पट्टी में अज्ञात जानवर का आतंक जारी, दहशत में ग्रामीण शीर्षक नाम से प्रकाशित खबर का वन विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। वन विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की आप बीती सुनी।

जनपद की पट्टी मनियारस्यूं के विभिन्न गांवों में इन दिनों अज्ञात जानवर का आतंक बना हुआ है। यह जानवर गांवों में पशुओं पर निरंतर हमला कर उन्हें अपना शिकार बना रहा है।

एक माह में एक दर्जन से अधिक दुधारू गायों को अज्ञात जानवर अपना निवाला बना चुका है। इस अज्ञात जानवर के आतंक से क्षेत्रीय ग्रामीण दहशत में है। घटना की खबर 28 जनवरी के दैनिक जयन्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। मंगलवार को प्रभागीय उप वनाधिकारी आईशा बिष्ट व नागदेव रेंज अधिकारी दिनेश चंद्र नौटियाल वन विभाग टीम के साथ अज्ञात जानवर से प्रभावित गांव थनुल, अमटोला, थापला आदि गांव के ग्रामीणों से मिले। उन्होंने ग्रामीणों को अज्ञात जानवर से सचेत रहने और जागरूकत रहने की हिदायत दी। वन रेंज अधिकारी दिनेश चंद्र नौटियाल ने बताया कि यह भालू है, फिर भी ग्रामीणों की संतुष्टि के लिए हमला वाले क्षेत्र में कैमरे ट्रैक कर दिए है। साथ ही वन विभाग के कर्मचारियों को रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने ग्रामवासियों से वन कर्मियों का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि देर रात कोई भी व्यक्ति अकेला घर से बाहर न निकले। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रशासक राकेश कुमार, ग्राम प्रशासक ग्राम पंचायत थनूल विजय लक्ष्मी रावत, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सज्जन सिंह नेगी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### 16 फरवरी को गुरिल्ला करेंगे देहरादून कूच

श्रीनगर गढ़वाल : एसएसबी गुरिल्ला संगठन की मंगलवार कीर्तिनगर के शहीद स्मारक पर एक आपातकालीन बैठक आहूत की गई। संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला ने कहा कि लम्बे समय से गुरिल्ला पेंशन, अश्रितों को लाभ सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा लगातार गुरिल्लाओं की मांगों की अनदेखी की जा रही है। जिससे गुरिल्ला उपेक्षा का शिकार हो रहा है। कहा कि जल्द मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह 16 फरवरी को देहरादून कूच करेंगे और 17 फरवरी को अनिश्चितकाल के लिए सीएम आवास में धरना प्रदर्शन करेंगे। मौके पर बृजमोहन गुसांई, राजेंद्र भंडारी, नरेश लिंगवाल, उज्जवल दास, अनीता देवी, रंजीत लाल, गुमान लाल, शिवचरण सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### नवनियुक्त महापौर को दी बधाई

श्रीनगर गढ़वाल : गंगा आरती समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त आरती भण्डारी को नगर निगम श्रीनगर की प्रथम महापौर बनने व सभी विजयी पार्षदों को हार्दिक बधाई दी है। समिति के अध्यक्ष प्रेम बल्लभ नैथानी ने कहा कि सभी लोग नगर निगम श्रीनगर को विकास की नई ऊंचाइयां देंगे और जनता की आशा के अनुरूप खरे उतरेंगे। (एजेंसी)


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने 2012 में हाईस्कूल की परीक्षा अनुक्रमांक 0072421 से उत्तीर्ण की एवं 2014 में इण्टरमीडिएट की परीक्षा अनुक्रमांक 14054506 से उत्तीर्ण की। मेरी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र कोटद्वार क्षेत्र में कहीं खो गये है। जो कि काफी खोजबीन के बावजूद भी नहीं मिल रहे है।

**साक्षी बलूनी पुत्री अनिल बलूनी निवासी बालासौड, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0707/21)

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसरो के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी. 50 हर्ट्ज ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | RKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के बालामऊ स्टेशन की अप लाइन स्थान 1140/7 (चः 1140/190.50) से स्थान 1143/15 (चः 1143/509.00) तथा डाउन लाइन स्थान 1140/20 (चः 1140/595.50) से स्थान 1140/30 (चः 1143/644.00) तक जिसमें लाइन स. 1,2,3,4,7,8,9,10,11,12,13,15 & 16 तथा संबंधित टर्न आउट, ऐ.टी. और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन | 3.319 (18.02.2025) |

**25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में **"उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के बालामऊ स्टेशन की अप लाइन स्थान 1140/7 (चः 1140/190.50) से स्थान 1143/15 (चः 1143/509.00) तथा डाउन लाइन स्थान 1140/20 (चः 1140/595.50) से स्थान 1140/30 (चः 1143/644.00) तक जिसमें लाइन स. 1,2,3,4,7,8,9,10,11,12,13,15 & 16 तथा संबंधित टर्न आउट, ऐ.टी. और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन"** हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से 4.78 मीटर की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-

i) ऊँचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में बाधा।
ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।
iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

No. 17-Elect/C/TRD/MB/124 Dated: 18.01.2025 306/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कोट ब्लॉक से लिलियम के फूलों की पहली खेप बाजार में भेजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कोट ब्लॉक में मातृ शक्ति फेडरेशन द्वारा उद्यान विभाग, ग्रामोत्थान परियोजना और यूएसआरएलएम के सहयोग से पॉली हाउसों में लिलियम फूल का उत्पादन शुरू हो गया है।

पहले चरण में गांवों से फूलों की स्टिक की पहली खेप बाजार में बिक्री के लिए भेज दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि जिले में किसानों की आजीविका संवर्द्धन के लिए व्यवसायिक स्तर पर पुष्प उत्पादन, मशरूम उत्पादन, हल्दी और हर्बल टी जैसे कई प्रोजेक्ट पर कलस्टर अप्रोच के आधार पर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत कोट ब्लॉक के कोट गांव में व्यवसायिक रूप से लिलियम पुष्प उत्पादन की योजना बनाई गई। प्रोजक्ट शुरू करने के लिए उद्यान विभाग द्वारा 22 पॉली हाउसों का निर्माण कराया गया। जिसमें से पहले चरण में 8 पॉली हाउसों में समूह की महिलाओं द्वारा लिलियम के बल्ब रोपे गए। इसके लिए उद्यान विभाग द्वारा हालैंड से लिलियम की ओरिएंटल एवं डॉसिंग स्टार वैराइटी के 16 हजार बल्ब मंगवाएं गए। अगले चरण में सभी पॉली हाउस में लिलियम की खेती की जाएगी। ग्रामोत्थान के जिला परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट ने बताया कि अनुबंधित कंपनी द्वारा किसानों को फ्लावर कटिंग, ग्रेडिंग व पैकिंग का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके बाद किसानों ने लिलियम की हार्वेस्टिंग कर 285 फूलों की स्टिक कंपनी को विक्रय हेतु उपलब्ध कराई। इस अवसर पर पुष्प उत्पादक समूह सदस्य लक्ष्मी देवी, पूजा देवी, शांति देवी, माधुरी देवी, बीरा देवी आदि शामिल रहे। कहा कि अगली बार वह इस कार्य को सभी 20-22 पॉली हाउसों में करेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 308-DRM-MB-24-25 16.01.2025 | 309-DRM-MB-24-25 16.01.2025 | 310-DRM-MB-24-25 16.01.2025 | 311-DRM-MB-24-25 16.01.2025 | 313-DRM-MB-24-25 23.01.2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Improvement of infrastructure for water arrangement for washing, cleaning & watering of coaches at DDN washing line under ADEN/HW. | Miscellaneous bridge work in the section of SSE/W/DDN under ADEN/HW. | Repair to Guide Bund, Flooring, Groins and Spurs, Installation of Protection Screens and Clearing of Waterway on Br.139 in RWL-DDN section under ADEN/HW. | Protection work on Major Bridge Nos 3, 6 and 14 by providing guide bunds/ spurs on Br Nos 6 and 14, pitching on Br No 3 in the section of ADEN/HW. | Provision of Toilet facility at various level crossings under Sr DEN/I/ MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works | Works | Works |
| अनुमानित लागत (रु.) | 2,08,37,893.18 | 89,96,849.32 | 1,40,77,053.52 | 2,34,69,336.08 | 41,99,158.32 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,54,200.00 | 1,79,900.00 | 2,20,400.00 | 2,67,400.00 | 84,000.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 20.02.2025 16:00 | 20.02.2025 16:00 | 20.02.2025 16:00 | 20.02.2025 16:00 | 20.02.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 06.02.2025 | 06.02.2025 | 06.02.2025 | 06.02.2025 | 06.02.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 06 माह |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 27.01.2025 295/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### प्रीमियर लीग में सुनार गांव की टीम ने जीता खिताब

नई टिहरी : थौलधार ब्लॉक मुख्यालय कंडीसौड़ में आयोजित छाम प्रीमियर लीग सीजन 3 के पहले मैच में सुनार गांव की टीम ने जीत हासिल की। मंगलवार को टिहरी झील स्टेडियम छाम में सुनार गांव और धमाड़ी के पहला मैच खेला गया। टॉस जीतकर सुनार गांव के कप्तान संजय पुरषोड़ा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर निर्धारित 12 ओवर में 102 रनों स्कोर खड़ा किया। कप्ता संजय ने सर्वाधिक 42 रनों की पारी खेली। विपक्षी टीम धमाड़ी की ओर से अंकित ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए। 103 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धमाड़ी की टीम 11.3 ओवर में 78 रन पर आलआउट हो गई जिससे सुनारगांव की टीम ने 24 रनों से मैच जीत लिया। विजेता टीम सुनार गांव की ओर दिलीप राणा ने 4 और संजय ने 1 विकेट लिया। बेहतर खेल के लिए विजेता कप्ता संजय पुरषोड़ा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर चंद्रपाल सजवाण, विकास बिष्ट, अजेंद्र बिष्ट, मनवीर बिष्ट, तुषार बिष्ट, आमोद बिष्ट मौजूद थे। (एजेंसी)

### त्रिभाषीय बंगाणी शब्दकोश का दून पुस्तकालय में लोकार्पण

देहरादून। दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की ओर से केंद्र सभागार में बलबीर सिंह रावत द्वारा संकलित त्रिभाषीय बंगाणी शब्दकोश बंगाणी–हिंदी–अंग्रेजी, का लोकार्पण किया गया। इस का प्रकाशन समय साक्ष्य द्वारा किया गया है। उत्तरकाशी जनपद के सीमांत बंगाण क्षेत्र विकास खण्ड मोरी में स्थित है। बंगाण क्षेत्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, रीति रिवाज, बोली भाषा, पहनावा, खान–पान और आतिथ्य सत्कार के लिए प्रसिद्ध है। हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगे बंगाण क्षेत्र में बंगाणी भाषा बोली जाती है। राज्य गठन के बाद पहली बार हुए भाषा सर्वेक्षण में बंगाणी को एक अलग भाषा के रूप में रेखांकित किया गया है। उपसचिव देवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि बलबीर सिंह रावत ने बंगाणी शब्दों का संकलन कर यह एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। अतिथिवक्ता साहित्यकार महाबीर रवांल्टा ने कहा कि बंगाणी शब्दकोश में शब्दों को उनकी उपयोगिता के हिसाब से अध्यायों में बांटा गया है। मौके पर रंगकर्मी सुभाष रावत, प्रोग्राम एसोसिएट चंद्रशेखर तिवारी, डॉ. बीके डोभाल, डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. योगेश धस्माना, हरिओम पाली, आरपी विशाल, सतीश धौलाखण्डी, राकेश कुमासर, प्रवीन भट्ट, सुंदर सिंह बिष्ट, चंदन सिंह चौहान, आलोक सरीन मौजूद रहे।

### जेल में दुग्ध संघ की बैठक बुलाने पर कांग्रेस ने जताई हैरानी

देहरादून। इस बार नैनीताल दुग्ध संघ की बैठक जेल के अंदर होने जा रही है, इसको लेकर कांग्रेस ने हैरानी जताई है। पार्टी प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि हल्द्वानी दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा पर धारा 376 में मुकदमा चल रहा है। उनके ऊपर अपनी ही एक महिला कर्मी और उसकी बच्ची के साथ दुराचार के गंभीर आरोप लगे हैं। वह पोक्सो एक्ट के अंतर्गत पिछले चार महीने से जेल काट रहे हैं। अब उन्हें जेल के भीतर ही बैठक बुलाने की अनुमति दी गई है, जो हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा कि ऐसा भाजपा राज में ही हो सकता है। दसौनी ने कहा कि यह पूरा प्रकरण इस बात पर मोहर लगाता है कि भाजपा है तो मुमकिन है। दसौनी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार और शासन का कोई डर, भय और रसूख अपराधियों के मन में नहीं है। जो लोग कभी फिल्मों में देखते थे, वह पूरे देश को खानपुर में देखने को मिला, पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक की ओर से खुलेआम गोलियां चलाईं गई, पूरी घटना शर्मसार करने वाली है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह की ओर से 29 तारीख को जेल के बाहर महापंचायत बुलाई गई है, वह भी अपने आप में हैरतअंगेज है।

### सतगुरु के पावन सान्निध्य में 93 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

देहरादून। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में सोमवार को पुणे महाराष्ट्री में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में कई राज्यों और देशों से आये 93 युगल परिणय सूत्र में बंधे। वहां चल रहे वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के विधिवत समापन के उपरान्त पिंपरी पुणे स्थित मिलिटरी डेयरी फार्म ग्राउंड के समागम स्थल पर ही इस समारोह का आयोजन किया गया। नव विवाहित वर–वधुओं को सतगुरु माता सुदीक्षा ने एक दूसरे का आदर–सत्कार करते हुए कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए परस्पर प्रेम एवं भक्ति भाव से युक्त होकर जीवन जीने का आशीर्वाद दिया।

# बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा दें : सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने ली विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार ने मंगलवार को विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा बैठक लेते हुए विद्यालयों में निर्माण कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, विद्यालयों की भूमि का पंजीकरण और शिक्षण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष फोकस करते हुए शिक्षा में सुधार लाया जाए। बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने का काम किया जाए।



मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से पढाने की व्यवस्था की जाए। ताकि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सके। मॉडल स्कूलों में शिक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मॉडल स्कूल के शिक्षकों को डायट के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए शिक्षण उपकरणों का उचित उपयोग किया जाए। विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस का संचालन किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन राजकीय विद्यालयों की भूमि पंजीकरण कायी को तेजी से पूरा किया जाए। विद्यालयों भूमि पंजीकरण के लिए तहसील से समन्वय स्थापित करें। कहीं पर समस्या हो तो संज्ञान में लाया जाए। कहा कि समयबद्ध तरीके से इस काम को पूरा करना सुनिश्चित करें। निष्प्रोज्य एवं जीर्णर्शीण विद्यालय भवन को ध्वस्त कराया जाए। जीर्णशीर्ण विद्यालयों भवनों में किसी भी दशा में कक्षाओं का संचालन न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी आरके पांडेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह रावत, खंड शिक्षा अधिकारी पंकज उप्रेती, खंड शिक्षा अधिकारी विनोद मटूडा, खंड शिक्षा अधिकारी अनिनाथ सहित ग्रामीण निर्माण, बाल विकास आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## घर के ताले तोड़कर हजारों की नगदी और जेवर किये साफ

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की केमर पट्टी के गनगर गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात एक घर के ताले तोड़कर हजारों की नकदी और आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय घर में रह रही वृद्ध महिला शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी। ग्रामीण प्रशांत जोशी ने बताया कि बीते सोमवार की रात को चोरों ने गांव की एक महिला के घर में ताले तोड़ डाले। मंगलवार सुबह घटना की सूचना एक ग्रामीण महिला ने उन्हें दी। बताया कि घटना की जानकारी मकान मालिक खिमानंद जोशी, महेश जोशी, सूर्यमणि जोशी को दे दी गई है। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे राजस्व उपनिरीक्षक बहेड़ी ने बताया कि मकान मालिकों के आने के बाद ही चोरी हुए सामान का सही आंकलन हो पाएगा। (एजेंसी)

## आवास विहीन ग्रामीण परिवारों का सर्वे कार्य शुरू

नई टिहरी : टिहरी जिले के आवास से वंचित ग्रामीणों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल होने का सर्वे शुरू हो गया है। इसके लिए दूसरे चरण सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने लाभार्थियों के चयन के लिए सर्वे शुरू कर दिया है।

31 मार्च तक वंचित लोगों का ऑनलाइन सर्वे पूरा किया जाएगा। जिसके बाद पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के वंचित परिवारों के चयन की प्रक्रिया 2019 से रुकी हुई थी। जिसके चलते नए परिवार शामिल नहीं हो पा रहे थे। लेकिन अब केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी मिलने के बाद टिहरी जिले की 1034 ग्राम सभाओं में आवास विहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए सर्वे का कार्य शुरू किया गया है। डीआरडीए के परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बताया ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे कार्य 2024 शुरू किया है। जिले में सर्वे कार्य में 31 मार्च 2025 तक चलेगा।

सर्वे कार्य में ग्राम विकास अधिकारी, मनरेगा रोजगार सहायक, मनरेगा जेई, एरिया कोर्डिनेटर को लगाया है। सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद की सही सूची को केंद्र सरकार को भेज दिया जाएगा। उनके बाद जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कितने पात्र परिवारों को आवास मिलेंगे स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। परियोजना निदेशक चौहान ने बताया कि सरकार की गाइड लाइन के अनुसार पीएम आवास योजना के लिए पात्र परिवार को 10 पैरामीटर से गुजरना होगा।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें



मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार ने मंगलवार को सीडीओ कार्यालय में पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यो को मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुरक्षण अवधि वाली सड़कों की लगातार मानीटरिंग करने तथा जेई द्वारा तैयार अनुरक्षण अवधि की सड़कों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि जिन कार्यों की निविदा होनी है हस्तांतरण होने हैं, उसको शीघ्र किया जाए। चोटिंग से उदयपुर मोटरमार्ग और निजमुला पाणा ईराणी में पुल निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि पीएमजीएसवाई में प्रदेश स्तर पर जनपद की स्थिति ठीक नहीं है उसमें सुधार किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पीएमजीएसवाई के सभी डिवीजनों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी।

# 10 दिन के अंदर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।** चमोली : मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में वाईब्रेट विलेज कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को एक्टिविटी के हिसाब से कलेण्डर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में कम्युनिटी सेंटर नहीं नहीं बने हैं वहां कम्यूनिटी सेंटर बनाए जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने सीएमओ को 10 दिन के अन्दर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना निदेशक को एक टीम बनाकर सभी लाभार्थियों का सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद अगर कोई व्यक्ति मिलता है जिसको योजना से नहीं जोडा गया है तो उसकी जानकारी संबंधित विभाग उपलब्ध कराते हुए योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने बीडीओ को सभी विभागों से समन्वय करते हुए तय सीमा में सारे



कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। परियोजना निदेशक आनन्द सिंह ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज में जोशीमठ ब्लॉक के सीमावर्ती गांवों को शामिल किया गया। उन्होंने वाइब्रेट विलेजों में बुनियादी सुविधाओं और आजीविका विकास हेतु संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं में सभी पात्र लोगों को शत प्रतिशत जोड़ा गया है। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि पर्यटन विभाग के 09 कार्य सेक्शन हैं। जिसमें से 3 में कार्य शुरू हो चुके हैं और 06 में टेण्डर प्रक्रिया गतिमान है। इस दौरान जिला विकास अधिकारी केके पंत, कृषि एवं उद्यान अधिकारी जेपी तिवारी, सीएमओ अभिषेक गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जखोली ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज, चोरिया और राजकीय इंटर कॉलेज, तिमली एवं किरोड़ा में 28 जनवरी 2025 को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, रुद्रप्रयाग द्वारा संचालित केंद्र पोषित योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में मिशन शक्ति की जिला समन्वयक श्रीमती दीपिका कांडपाल ने बालिकाओं को योजना और बाल विवाह निषेध कानून के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर पल्लवी भिलंगवाल ने पॉक्सो एक्ट और सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर अखिलेश सिंह और सुपरवाइजर सुरेंद्र ने 1098 हेल्पलाइन और इसके तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। बच्चों के अधिकार और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकगण,जेंडर स्पेशलिस्ट प्रियंका उछोली और वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर सुलोचना सजवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर बालिकाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## ऑफर के आधार पर दुकान आवंटित

चमोली : गैरसैंण में विदेशी मदिरा दुकान के पूर्व संचालक द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत दुकान का अधिभार जमा न करने के कारण जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आवंटित दुकान का लाइसेंस निरस्त किया था। गैरसैंण की दुकान का पुनः आवंटन हेतु सार्वजनिक विज्ञप्ति प्रकाशित करने के बाद सोमवार को तीन आवेदकों द्वारा दुकान लेने के लिए ऑफर प्रस्तुत किए गए। निर्धारित अवधि 31 मार्च, 2025 तक के लिए मांगे गए। दुकान के लिए उपरोक्त ऑफरों में निर्धारित राजस्व प्राप्त न होने के कारण नेगोशिएशन कर बोली लगाई गई। जिसमें अधिकतम बोली पदम सिंह के द्वारा लगाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें गैरसैंण की मदिरा दुकान का आवंटन किया गया। इस प्रक्रिया के बाद सरकार को निर्धारित अवधि के लिए पूर्व की तुलना में लगभग 15 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होगा।

## मदन नेगी में नए सत्र से शुरू होंगी केवि की कक्षाएं

नई टिहरी : टिहरी बांध प्रभावित मदन नेगी क्षेत्र के लोगों के लिए खुशखबरी है। यहां नए शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं अस्थाई डायट भवन मदननेगी में संचालित होंगी। गत माह की केंद्रीय कैबिनेट ने मदन नेगी में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी थी। जिसके लिए 37.44 करोड़ की डीपीआर को मंजूरी मिली है। दो साल के भीतर केवि का नया भवन बनने की उम्मीद है। तब तक इसी अस्थाई भवन पर कक्षाएं संचालित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर और सस्ती शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से केंद्र सरकार ने टिहरी बांध प्रभावित जाखणीधार ब्लॉक के मदननेगी में केंद्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति दी है। इसके तहत केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने मदननेगी में 3900 वर्ग मीटर सरकारी और निजी भूमि को चिन्हित कर 37 करोड़ 44 लाख रुपये की डीपीआर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भेजी है। अभी इस कार्य की निविदा जारी होनी है। जिससे अनुमान है कि 2027 के अंत तक मदननेगी में केवि बनकर तैयार हो जाएगा। लेकिन सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से मदननेगी के डायट भवन पर केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं शुरू करने का निर्णय लिया है।

केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी के प्राचार्य व केवि टिहरी जिले के नोडल अधिकारी प्रदीप चंद्र थपलियाल ने बताया कि अप्रैल माह से मदननेगी में केवि की कक्षाएं शुरू कराई जाएंगी। जिसके लिए जिलाधिकारी/अध्यक्ष केवि से अनुमोदन ले लिया गया है। बताया कि कक्षा 1 से 5 तक यहां पर कक्षाएं संचालित की जानी हैं। कक्षा 1 के लिए ऑनलाइन मोड पर दाखिले किए जाएंगे। जबकि कक्षा 2 से 5 तक आफलाइन एडमिशन किए जाएंगे।

## सड़क डामरीकरण के लिए जारी धनराशि

चमोली : गैरसैंण नगर से राजकीय महाविद्यालय कैंपस फरकंडे को जाने वाले ग्वाड़-रिखोली-फरकंडे 4 किमी. मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए 2 करोड़ 65 लाख राशि की वित्तीय स्वीकृति मिल गयी है। अब इसके डामरीकरण उपरांत गैरसैंण नगर से महाविद्यालय की दूरी मात्र चार किमी. में सिमट जायेगी।

इससे गैरसैंण की ओर से छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ के साथ ही फरकंडे, घंडियाल एवं रामड़ा मल्ला, महरगांव जाने वाले ग्रामीणों की भी लाभ मिलेगा। अभी तक वाया सारिंगग्वाड़ मोटर मार्ग से महाविद्यालय की ओर जाना पड़ता था जो कि लगभग 12 किमी. से अधिक दूरी पड़ती थी। छात्रों एवं अभिभावकों की पुरजोर मांग पर वर्ष 2020 में तत्कालीन विधायक सुरेन्द्र सिंह नेगी राज्य सैक्टर मद से इस सड़क का निर्माण कराया था लेकिन डामर न होने के कारण जरूरतमंदों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इस सड़क के डामरीकरण के लिए दो करोड़ पैसठ लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिली है।

सड़क मार्ग डामरीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत होने पर निर्वतमान क्षेपं अध्यक्ष शशि सौरियाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हीरा फनियाल, संजय रावत, महावीर रावत आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार एवं विधायक अनिल नौटियाल का आभार व्यक्त किया है। (एजेंसी)

## यूसीसी नियमों के तहत जिले में हुआ पहला पंजीकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : समान नागरिक संहिता के नियमों के तहत जनपद पौड़ी गढ़वाल में पहला विवाह का पंजीकरण हो गया है। यह पंजीकरण पौड़ी नगर पालिका में मंगलवार को हुआ है। उत्तराखंड में सोमवार को यूसीसी लागू कर दी गई थी।

पौड़ी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एसपी जोशी ने बताया कि मंगलवार को पालिका ने एक विवाह पंजीकरण किया है। यह पंजीकरण अंकित तड़ियाल ने करवाया है। पंजीकरण प्रदेश में लागू यूसीसी के नियमों के तहत हुआ है।

# नेशनल गेम्स के दौरान दूसरे स्थान से बोटों का संचालन करने की मांग

नई टिहरी : श्री गंगा भागीरथी बोट संचालन समिति ने डीएम और टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण के सीईओ को ज्ञापन सौंपकर टिहरी झील में संचालित नेशनल गेम्स के दौरान बोटिंग स्थल को उचित जगह पर स्थानांतरित करने की मांग की है। कहा कि यदि इन आयोजन के दौरान बोटिंग गतिविधियां प्रतिबंधित की जाती हैं, तो उन्हें मुआवजा दिया जाए।

मंगलवार को बोट यूनियन के अध्यक्ष मनीष रावत के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर समस्या बताते हुए कहा कि 3 फरवरी से टिहरी झील में नेशनल गेम्स के तहत वाटर स्पोर्ट्स की स्पर्धाएं होनी हैं। इन आयोजनों की पिछले कई दिनों से



तैयारी चल रही है। जिससे बोटिंग प्वांइट से उन्हें अन्यत्र भेजा गया है। इसके चलते उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन दिनों प्री-वेडिंग सहित स्पीड बोट की काफी डिमांड है। लेकिन प्रतिबंध के चलते यह कार्य नहीं हो पा रहा है। बताया कि इससे पूर्व भी हर साल टीएचडीसी और पर्यटन विभाग झील में विभिन्न जलक्रीड़ा प्रतियोगिताएं कराता है। उस दौरान भी बोटिंग गतिविधियां बंद की जाती है। जिससे झील में स्वरोजगार कर रहे 250 से अधिक लोगों और उनके परिवारों को आर्थिक दिक्कत उठानी पड़ती हैं। नेशनल गेम्स के दौरान बोटिंग प्रतिबंध रहने पर उन्हें मुआवजा दिया जाए।

इस मौके पर अरविंद रतूड़ी, अनूप पंवार, आशीष रावत, सचिन कुमार, शैलेंद्र कांत, सौरभ पंवार, प्रवीन रावत, शैलेंद्र चौहान आदि शामिल रहे। इस संबंध में डीएम का कहना है कि नेशनल गेम्स के आयोजन के दौरान बोटिंग एक्टिवटी बंद रहेंगी। (एजेंसी)

# डीएम और सीडीओ राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

नई टिहरी : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी/ स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने डीएम और स्वयं का सम्मान प्राप्त किया। राज्यपाल ने स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंटकर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले की पूरी टीम के कार्यों की सराहना की। डीएम ने कहा कि कार्य कुशलता, दक्षता, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए से मतदान का



प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु स्वीप के माध्यम से किए गए अभिनव-नवाचार प्रयास के लिए जिले की समस्त टीम द्वारा समर्पित भाव से अथक प्रयास किया गया, जिसके लिए जिले को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। (एजेंसी)

## समान नागरिक संहिता लागू होने का किया स्वागत

चमोली : देश में समान नागरिक संहिता लागू करने वाले उत्तराखण्ड राज्य के कदम को कानून के जानकारों और समाजिक संगठनों ने इसे बड़ा और सकारात्मक कदम बताया है। वरिष्ठ अधिवक्ता और उच्च न्यायालय में अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता रह चुके हरीश पुजारी ने कहा कि समान नागरिक संहिता सर्व जन सुखाय सर्व जन हिताय का कानून है। यह किसी धर्म के विरोध में नहीं है। उत्तराखंड सरकार ने महिलाओं के हित में बड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कहा कुछ राजनैतिक लोग और पार्टियां इसका आधारहीन विरोध कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश पुजारी ने कहा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर साहब भी समान नागरिक संहिता के लिए कदम उठा रहे थे।

# एक परिवार एक रोजगार देने का लिया संकल्प

चमोली : हिमालय क्रांति पार्टी द्वारा 14 जनवरी से बागनाथ मंदिर बागेश्वर से गत दिन गैरसैंण तक आयोजित जनसंपर्क अभियान के समापन पर पहाड़ की राजधानी गैरसैंण बनाने, मूल निवासियों के लिए एक परिवार एक रोजगार देने, जल जंगल एवं जमीन के लिए मूल निवासियों को परिभाषित करने का संकल्प लिया। पार्टी के संकल्प दिवस के अवसर पर हिमालय क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय बिष्ट ने घोषणा करते हुये कहा कि हिक्रांपा 2027 में सरकार बनते ही एक परिवार एक रोजगार व्यवस्था लागू करेगी।

कहा कि पलायन को रोकने का यही एक मात्र मूल मंत्र है। रामलीला मैदान में संकल्प सभा में बोलते हुये पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने कहा कि गैरसैंण को राजधानी बनने से ही विकास के रास्ते खुल सकते हैं

। वही पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लाल सिंह बिष्ट ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में उत्तराखंड़ के मूल निवासियों को परिभाषित करना आवश्यक हो गया है।

इसलिए पार्टी मूल निवासियों को परिभाषित करने का संकल्प लेती है। संकल्प सभा में कुमाऊं संयोजक हंसा दत्त, पौड़ी जिअ दिनेश रावत, हिमेश भंडारी, बृजमोहन गुसाई, वीरेन्द्र बंगारी, जगदीश भगत, रामदत्त, मेहरवान रावत, लक्ष्मण सिंह आदि कई पार्टी जन मौजूद रहे। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com